<u>प्रेस आमंत्रण</u>

स्वाधीनता के 75 वर्षों के संदर्भ में एक-वर्षीय राष्ट्रव्यापी अभियान

"जन आजादी 75: आजादी की राह पर..

अभियान के प्रारंभ की घोषणा के लिए प्रेसवार्ता

6 अगस्त | दोपहर 3 से 3 बजे | ज़ूम पर

प्रिय मीडिया मित्रो,

जन आंदोलनों का राष्ट्रीय समन्वय (NAPM) आपको एक प्रेसवार्ता के लिए आमंत्रित करता है, जिसमें इस वर्ष 9 अगस्त से अगले वर्ष 15 अगस्त, 2022 तक चलाये जाने वाले एक **राष्ट्र-व्यापी अभियान "जन आजादी 75: आजादी की राह पर" के प्रारंभ् की घोषणा की जाएगी।**

यह अभियान **9 अगस्त के ऐतिहासिक दिन पर, देश भर में 100 से अधिक स्थानों पर शुरू होगा** और 15 अगस्त, 2021 तक पूरे सप्ताह में उद्घाटन जारी रहेगा।

इस एक वर्षीय अभियान के दौरान, NAPM अपने समविचारी संगठनों के साथ मिलकर देश भर में, स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अभियान के द्वारा आजादी आंदोलन की विविध धाराओं व मूल्यों को याद किया जाएगा और पिछले 75 वर्षों में, जन आंदोलनों की भूमिका व योगदान को रेखांकित करते हुए, समकालीन सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक चुनौतियों के साथ, सही मायने में लोकतांत्रिक भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा।

राष्ट्रीय प्रेसवार्ता <u>6 अगस्त को दोपहर 3 से 4 बजे तक ऑनलाइन</u> होगी और इसे NAPM के निम्निलिखित समन्वयक संबोधित करेंगे:

1. **मेधा पाटकर,** नर्मदा बचाओ आंदोलन
2. **प्रफुल्ल समनतारा,** लोक शक्ति अभियान
3. **फैज़ल खान,** ख़ुदाई खिदमतगार
4. **डॉ. सुनीलम,** किसान संघर्ष समिति

NAPM राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य **संजय एम.जी** और **मीरा संघमित्रा** प्रेसवार्ता का संचालन करेंगे और एक वर्षीय अभियान का संदर्भ और विवरण देंगे।

NAPM के **विभिन्न राज्यों की इकाइयों के समन्वयक प्रेस वार्ता में मौजूद रहेंगे**, और राज्य-संबंधित सवालों को संबोधित करेंगे।

<u>हम आपसे अनुरोध करते हैं कि अपने प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान की ओर से, किसी एक प्रतिनिधि द्वारा इस प्रेस कांफ्रेंस को कवर करवाएं और उसकी रिपोर्ट अपने अखबार/चैनल/पोर्टल पर दें।</u>

अगर कोई सवाल हो तो कृपया हमें napmindia@gmail.com पर लिखें या 9869984803 पर व्हाट्सएप या कॉल करें।

प्रेसवार्ता का **ज़ूम** विवरण **नीचे** दिया जा रहा है:
https://zoom.us/j/96651941753?pwd=Y2pzY2hMdVJRb2o3Tk9GRVB5SWVyZz09

Meeting ID: 966 5194 1753 Passcode: 001122

आभार

NAPM राष्ट्रीय समन्वयक समिति